बी.एच.डी.ई.-142

स्नातक उपाधि कार्यक्रम (बी.ए.जी.) / बी.ए. (ऑनर्स) हिन्दी (बी.ए.एच.डी.एच.)

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2022

बी.एच.डी.ई.-142 : राष्ट्रीय काव्यधारा

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **प्रथम** प्रश्न **अनिवार्य** है ।*

1. निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं ***तीन*** की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : *3×12=36*

(क) है आज पश्चिम में प्रभा जो पूर्व से ही है गई,
हरते अँधेरा यदि न हम, होती न खोज नई नई ।
इस बात की साक्षी प्रकृति भी है अभी तक सब कहीं,
होता प्रभाकर पूर्व से ही उदित पश्चिम से नहीं ।।

(ख) वह बज उठी बाँसुरी यमुना तट से धीरे-धीरे
उठ आई यह भरत-मेदिनी, शीतल मंद समीरे
बोल रहा इतिहास, देश सोये रहस्य है खोल रहा
जय प्रयत्न, जिन पर आन्दोलित-जग हँस-हँस जय बोल रहा,
जय-जय अमित अशेष
प्यारे भारत देश ।

(ग) जाओ रानी याद रखेंगे ये कृतज्ञ भारतवासी,
यह तेरा बलिदान जगावेगा स्वतंत्रता अविनासी,
होवे चुप इतिहास, लगे सच्चाई को फाँसी,
हो मदमाती विजय, मिटा दे गोलों से चाहे झाँसी ।

(घ) जबकि घटाओं ने सीखा, सबसे पहले घिर आना
पहले पहल हवाओं ने जब, सीखा था कुछ हहराना
जबकि जलधि सब सीख रहे थे, सबसे पहले लहराना
उसी अनादि आदि-क्षण से, यह जन्म-स्थान हमारा है ।

(ङ) है कौन विघ्न ऐसा जग में,
टिक सके आदमी के मग में ?
खम ठोंक ठेलता है जब नर
पर्वत के जाते पाँव उखड़,
मानव जब जोर लगाता है,
पत्थर पानी बन जाता है ।

2. भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए उसके व्यापक परिप्रेक्ष्य को रेखांकित कीजिए । *16*

3. नवजागरण की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए । *16*

4. पूर्वांचलीय साहित्य का परिचय दीजिए । *16*

5. भारतीय भाषाओं में पत्रकारिता के उदय और उसके महत्त्व को रेखांकित कीजिए । *16*

6. मैथिलीशरण गुप्त के काव्य में अभिव्यक्त समाज सुधार के स्वरों की चर्चा कीजिए । *16*

7. राष्ट्रवादी कवि के रूप में माखनलाल चतुर्वेदी के महत्त्व पर प्रकाश डालिए । *16*

8. राष्ट्रकवि दिनकर की काव्यगत विशेषताओं को रेखांकित कीजिए । *16*

9. श्यामनारायण पाण्डेय का परिचय देते हुए उनकी भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए । *16*